Note # 241

## हिंदी अनुभाग

(मि.सं. :23(35)/हिंदी अनुभाग/हिंदी पखवाड़ा/2025)

**विषय : सितम्बर, 2025 माह में 'हिंदी पखवाड़ा' कार्यक्रम का आयोजन।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकारद्वारा जारी अधिसूचना संख्या अ.शा.सं. 11034/06/2025-राजभाषा(नीति) दिनांक 15.07.2025 के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि **माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में 14 सितम्बर, 2025 को हिंदी दिवस तथा 14 एवं 15 सितंबर, 2025को पांचवे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का सम्मिलित आयोजन महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर, गांधी नगर गुजरात में होगा। (अनुलग्नक)**

अत: भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव को इस संबंध में निर्देश दिये गये हैं कि वे सभी अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा/सप्ताह पूरे उत्साह से मनाएं।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए कार्यालयों में हिंदीपखवाड़ा/सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। राजभाषा हिंदी को प्रोत्साहन देने तथा कार्यालयी कार्यों में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से इस दौरान अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

राष्ट्रीय बाल भवन में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों के साथ-साथ एक दिन बच्चों के लिए भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये। इस बात को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2015 में अनुभाग प्रभारी/इंचार्ज की नामित समिति के सदस्यों द्वारा लिये गये निर्णय **(अनुलग्नक)** के आधार पर सदस्यीय स्कूली बच्चों, बाल भवन केन्द्र, राष्ट्रीय बाल भवन और जवाहर बाल भवन, माण्डी के सदस्य बच्चों के लिए हिन्दी से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

राष्ट्रीय बाल भवन में इस वर्ष **दिनांक 14 से 30 सितम्बर, 2025 तक 'हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम' आयोजित किये जाने का प्रस्ताव है।** दिनांक **19सितम्बर, 2025 (शुक्रवार)** को **प्रात:कालीन** सत्र **में बच्चों के लिए प्रतियोगिताएंआयोजित किये जाने का प्रस्ताव** है।

हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान बच्चों तथा कर्मचारियों के लिए प्रतियोगिताओं का विवरण निम्न है :-(अनुलग्नक)

**बच्चों के लिए आयोजित प्रतियोगिताएं :**

**प्रथम वर्ग** : 10 से 13 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चे

**द्वीतीय वर्ग** : 14 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चे

**प्रतियोगिताएं :** 1. स्वरचित काव्य लेखन 2. त्रांकन तथा स्लोगन लेखन
3. स्वरचित कहानी लेखन 4. एकवचन तथा बहुवचन शब्द

प्रत्येक विद्यालय से हर प्रतियोगिता के लिए 2 बच्चे यानी कुल 8 बच्चे तथा 01 शिक्षक को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। बाल भवन केन्द्रों में इस कार्यक्रम से संबंधित जानकारी पर्यवेक्षकों के माध्यम से तथा जवाहर बाल भवन, माण्डी में (कार्य.सम.एवं अनु.), जो संप्रति प्रभारी, जवाहर बाल भवन, माण्डी का कार्य देख रही हैं, के माध्यम से दी जा सकती है। इस संबंध में सदस्य स्कूलों को पत्र द्वारा सूचित कर कार्यक्रम आरंभ होने से कम से कम 10 दिन पहले नाम मंगाये जाने आवश्यक हैं।

**कर्मचारियों के लिए आयोजित प्रतियोगिताएं :-**

1. नोटिंग-ड्राफ्टिंग
2. स्वरचित काव्य रचना
3. निबन्ध लेखन
4. हिंदी टंकण
5. सामान्य ज्ञान
6. 'वाक्यों कोशुद्ध करके लिखें' - एमटीएस स्टाफ के लिए
7. श्रुतलेख - एमटीएस स्टाफ के लिए

**प्रतियोगिता तथा कार्यक्रम से संबंधित निम्न बातें प्रस्तावित हैं -**

1. एक प्रतिभागी को **दो से अधिक पुरस्कार नहीं दिए जाएंगे** ताकि सहभागी सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी हो। ये पुरस्कार प्रथम दो श्रेष्ठ पुरस्कार होंगे।

2. गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सहभागियों में से उत्कृष्ट प्रतिभागियों तथा बच्चों को **प्रथम, द्वीतीय, तृतीय और दो सांत्वना पुरस्कार** प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। **स्कूली बच्चों को** पुरस्कार के रूप में स्कूल बैग, पानी की बोतल, पुस्तकें, पेन, चित्रांकन से संबंधित सामग्री तथा प्रमाणपत्र दिये जाने का प्रस्ताव है। प्रतियोगिताओं के अंतिम निर्णय तैयार होने के पश्चात पुरस्कार के रूप में दी जाने वाली सामग्री 'ओपन मार्किट' अथवा 'जैम' तथा पुस्तकें नेशनल बुक ट्रस्ट से खरीदी जा सकती हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट से पुस्तकें प्राप्त होने के पश्चात बिल की अदायगी एनईएफटी के माध्यम के किया जाना प्रस्तावित है।

3. **कर्मचारियों को पुरस्कार के रूप में नकद राशि -**

जैसाकि विदित है प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सफल सहभागियों को पुरस्कार के रूप में नकद राशि दिये जाने का प्रावधान है। अत: गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय बाल भवन में पुरस्कार के रूप में **प्रथम पुरस्कार 1500/- रुपये, द्वीतीय पुरस्कार 1300/- रुपये, तृतीय पुरस्कार 1000/- रुपये तथा दो सांत्वना पुरस्कार (800/- रुपये प्रत्येक) दिया जाना प्रस्तावित है।**

4. **'हिंदी टंकण प्रतियोगिता'** में पुरस्कार प्राप्त करने के लिए **न्यूनतम गति 30 श.प्र.मि.** होना आवश्यक है। इससे कम गति प्राप्त करने वाले सहभागी पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे। **टंकण प्रतियोगिता राष्ट्रीय बाल भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-2, के कम्प्यूटर अनुभाग में कम्प्यूटर पर आयोजित की जाएगी।**

5. **एमटीएस स्टाफ** के लिए **दो प्रतियोगिताएं** आयोजित की जाएंगी।

6. गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिताओं के अंतिम निर्णय ज्ञात करने के उद्देश्य से बाहर से एक विशेषज्ञ (आधिकारिक स्तर के) को नामित किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में **सुश्री संतोष कुमारी,सहायक निदेशक, शिक्षा मंत्रालय, शास्त्री भवन,भारत सरकार, नई दिल्ली** ने प्रतियोगिताओं की पुस्तिकाएं जाँचने व अंतिम निर्णय तैयार करने में अपनी सहमति दे दी है।

7. **स्कूली बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं 19सितम्बर, 2025 (शुक्रवार) को प्रात:कालीन सत्र में प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक आयोजित की जायेंगी।** ये प्रतियोगिताएं पुस्तकालय तथा एनटीआरसी हॉल में आयोजित की जा सकती हैं।

कर्मचारियों के लिए प्रतियोगिताओं के आयोजन का **<u>समय</u> - प्रात: 11:00 बजे से 1:00 बजे** तक **<u>स्थान</u> - एनटीआरसी हॉल** रहेगा।

बच्चों की 03 प्रतियोगिताएं तथा कर्मचारियों की 06 प्रतियोगिताओं के अंतिम निर्णय तैयार करने के लिए विशेषज्ञ को कुल 06 दिन का मानदेय/यात्रा भत्ता दैनिक भत्ता (3000/-रुपये प्रतिदिन) 3000x6=18000/- रुपये (अठारह हजार रुपये मात्र) उनके खाते में एनईएफटी के माध्यम से दिया जाना प्रस्तावित है। (बाल भवन बोर्ड द्वारा बैठक में पारित अनुलग्नक -)

8. प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले सहभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र दिया जाना प्रस्तावित है।

9. **'हिन्दी पखवाड़ा'** कार्यक्रम हेतु **एक बैनर** संग्रहालय अनुभाग के माध्यम से तैयार कराया जा सकता है।

10. **कार्यक्रम संबंधी कवरेज, फोटोग्राफी अनुभाग** द्वारा की जा सकती है।

11. राष्ट्रीय बाल भवन की **वेब-साइट** में भी इस कार्यक्रम की सूचना दी जा सकती है।

13. हिन्दी पखवाड़ा तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान भाग लेने वाले बच्चों और सहभागियों के लिए जलपान 50/- रुपये प्रति सहभागी के हिसाब से दिया जाना प्रस्तावित है।

14. दिनांक 19सितम्बर, 2025को बच्चों तथा अन्य सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कर्मचारियों को दिये जाने वाले जलपान की व्यवस्था राष्ट्रीय बाल भवन में अनुबंध आधार पर खोली गई कैंटीन के माध्यम से की जा सकती हैं। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात प्राप्त बिल के आधार पर, इस संबंध में व्यय राशि का भुगतान उन्हें एनईएफटी के माध्यम से किया जा सकता है।

15. राष्ट्रीय बाल भवन से संबद्ध सभी राज्य बाल भवनों/बाल केन्द्रों में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के आयोजन के बाद इसकी रिपोर्ट राष्ट्रीय बाल भवन में भेजने से संबंधित पत्र ई-मेल के माध्यम से कार्यक्रम अनुभाग द्वारा भेजा जाना प्रस्तावित है।

वर्ष 2024के दौरान हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम में व्यय राशि का विवरण निम्न है -

| क्र.सं. | विवरण | व्यय राशि (रुपये) |
|---|---|---|
| 1 | बच्चों को पुरस्कार के रूप में दी गई सामग्री पर व्यय | जैम पोर्टल से कार्ट करने पर रुपये 49,530/- |
| 2 | कर्मचारियों को पुरस्कार के रूप में देय नकद राशि | रुपये 48,200/- |
| 3 | सहभागियों हेतु जलपान पर व्यय राशि (इसमें जवाहर बाल भवन, माण्डी द्वारा किये गये व्यय का विवरण सम्मिलित नहीं है) | रुपये 19,427/- |
| 4 | बच्चों तथा कर्मचारियों की उत्तर पुस्तिकाएं जांचने हेतु विशेषज्ञ को मानदेय के रूप व्यय राशि | 6 दिन का मानदेय 3000x6=18000/-रुपये |

वर्ष 2025 के हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम में व्यय राशि का विवरण निम्न है - **(अनुलग्नक)**

| क्र.सं. | विवरण | व्यय राशि (रुपये) |
|---|---|---|
| 1 | बच्चों को पुरस्कार के रूप में दी जाने वाली सामग्री पर व्यय | प्रतियोगिताओं के अंतिम निर्णय तैयार होने के पश्चात व्यय का आंकलन किया जा सकता है। |
| 2 | कर्मचारियों को पुरस्कार के रूप में देय नकद राशि | प्रतियोगिताओं के अंतिम निर्णय तैयार होने के पश्चात व्यय का आंकलन किया जा सकता है। |
| 3 | सहभागियों हेतु जलपान पर व्यय राशि (इसमें जवाहर बाल भवन, माण्डी द्वारा किये गये व्यय का विवरण सम्मिलित नहीं है) | प्रतियोगितओं तथा समापन कार्यक्रम के पश्चात प्राप्त बिल के आधार पर भुगतान किया जायेगा।<br>जवाहर बाल भवन, माण्डी द्वारा बच्चों तथा कर्मचारियों के लिए दिये जाने वाले जलपान की व्यवस्था 50/- प्रति व्यक्ति/बच्चे के आधार पर माण्डी द्वारा ही की जा सकती है। इस संबंध में जवा.बा.भ.माण्डी को सूचित किया जायेगा कि उनके द्वारा जलपान के संबंध में व्यय राशि का **Proper Bill** भेजा जाये ताकि वित्त अनुभाग द्वारा उसका समय पर भुगतान किया जा सके। |
| 4 | विशेषज्ञ को उत्तर पुस्तिकाएं जांचने हेतु मानदेय के रूप व्यय राशि | बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए 2 दिन का मानदेय (3000x2=6000/-रुपये)<br>कर्मचारियों की उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए 4 दिन का मानदेय (3000x4=12000/-रुपये)<br>विशेषज्ञ को मानदेय के रूप में देय राशि =18000/-रुपये |

16. सदस्यीय स्कूलों के प्रधानाचार्य तथा राज्य बाल भवनों को भेजे जाने वाले पत्रों का प्रारूप अवलोकन हेतु प्रस्तुत है **(अनुलग्नक)**

17. पुरस्कारों पर खर्च होने वाली वास्तविक राशि प्रतियोगिताएं समाप्त होने तथा अंतिम निर्णय होने के पश्चात श्रीमती अमृता साव, हिन्दी अनुवादक द्वारा ली जा सकती है।

उपरोक्त प्रस्ताव तथा क्र.सं. 01 से 17 में दी गई मदों का अवलोकन करने के पश्चात दिनांक 14 से 30 सितम्बर, 2025तक हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है -

22/08/2025 01:49 PM

AMRITA SHAW
HINDI TRANSLATOR

Note # 242

22/08/2025 01:59 PM
PrabhaSehgal
CONSULTANT

Note # 243

22/08/2025 02:02 PM
DINESH KUMAR
SECTION OFFICER

Note # 244

22/08/2025 03:02 PM
Birender Kumar
CONSULTANT -ADMINISTRATION

Note # 245

चर्चानुसार प्रस्तुत करें |

22/08/2025 03:56 PM
MUKESH GUPTA
DEPUTY DIRECTOR (ADMIN)

Note # 246

नोट #245 के अनुसार

प्रबंधन बोर्ड द्वारा अनुमोदित वर्ष 2025 के लिए हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम में व्यय राशि का विवरण निम्न है-

1) बच्चों को पुरस्कार के रूप में दी जाने वाली सामग्री पर व्यय - ₹ 70,000/-

2) कर्मचारियों को पुरस्कार के रूप में देय नकद ₹ 50,000/-

3) जलपान पर व्यय राशि कर्मचारियों के लिए ₹ 26,250/- एवं बच्चों के लिए ₹11,500/-

22/08/2025 04:15 PM
AMRITA SHAW

Note # 247

स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

22/08/2025 04:45 PM
MUKESH GUPTA
DEPUTY DIRECTOR (ADMIN)

Note # 248

23/08/2025 07:20 AM
MUKTA AGARWAL
DIRECTOR

Note # 249

23/08/2025 11:11 AM
MUKESH GUPTA
DEPUTY DIRECTOR (ADMIN)

Note # 250

23/08/2025 01:11 PM
PrabhaSehgal
CONSULTANT